हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

04 हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया होली और...

07 मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज, 11 मार्च...




## खबर संक्षेप

### सीएम मोहन यादव आज देंगे 163.62 करोड़ की सौगात



**विदिशा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव आज शनिवार को शमशाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विकास को गति देने के लिए 163.62 करोड़ के 97 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा, जहां वे जिला स्तरीय फिंगर प्रिन्ट लेब योजना का शुभारंभ करेंगे और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। सीएम दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### नेत्र शिविर में 52 की जांच, 23 मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किए

**विदिशा।** निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 52 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 23 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। चिन्हित मरीजों को ऑपरेशन के लिए बस द्वारा बैरागढ़ स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ एवं रोटरी ग्रेटर के संयुक्त सहयोग से किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमिला और डॉ. हितेश निचलानी ने मरीजों की जांच की। इस दौरान रविंद्र रघुवंशी, हर्षा सेन, चंद्रमोहन अग्रवाल, रविंद्र जैन और राज अरोरा उपस्थित रहे। चिन्हित मरीजों के आने-जाने, ठहरने, ऑपरेशन, लेंस और भोजन की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं पंजीयन की तारीख 10 मार्च तक बढ़ी

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। पहले यह तिथि 7 मार्च निर्धारित थी। तिथि बढ़ने से उन किसानों को राहत मिलेगी जो समय पर पंजीयन नहीं करा पाए थे। अब किसान 10 मार्च तक पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के पात्र बन सकेंगे। किसान कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र, उपार्जन केंद्र या संबंधित सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज का होली मिलन 9 को

**विदिशा।** जिझौतिया ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष बद्री प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम 9 मार्च , सोमवार को शाम 5 बजे समाज की धर्मशाला, टीला खेड़ी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में फूलों की होली, गुलाल, बुंदेली संगीत तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। समाज के सभी सदस्यों से उपस्थित होकर होने का अनुरोध किया गया है।

# पुलिस ग्राउंड में अफसर-जवान साथ में झूमे, बग्गी में पहुंचे एसपी और एएसपी, ढोल-डीजे पर जवानों ने कंधों पर उठाकर किया डांस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रंगों के पर्व होली के अवसर पर विदिशा के पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस परिवार का होली मिलन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस दौरान पूरा परेड ग्राउंड रंग-गुलाल, संगीत और उत्साह से सराबोर रहा। पुलिस अधिकारी और जवान एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर थिरकते दिखाई दिए।

समारोह में कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी शामिल हुए। एसपी ने कलेक्टर को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी, वहीं कलेक्टर ने भी एसपी को रंग लगाकर बधाई दी। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर होली का आनंद लिया।

पुलिस ग्राउंड पहुंचते ही होली का उत्सव अपने पूरे रंग में नजर आया। पुलिस अधिकारी और जवान ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर जमकर नाचे। जवानों का उत्साह देखकर अधिकारी भी खुद को रोक नहीं पाए और कर्मचारियों के साथ खुलकर डांस करते दिखाई दिए। इस दौरान जवानों ने एसपी रोहित कसवानी और एएसपी प्रशांत चौबे को कंधों पर उठाकर भी नृत्य किया, जिससे पूरा मैदान तालियों और उत्साह से गूंज उठा।



विदिशा। जवानों के साथ होली के गीतों पर नाचते हुए एसपी रोहित काशवानी।



विदिशा। कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भी जमकर खेली होली।

### एएसपी ने गाया 'रामजी की चाल देखो'

कार्यक्रम के दौरान एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने होली गीत 'रंग बरसे' गाकर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। गीत सुनते ही जवान झूम उठे और सभी ने मिलकर जमकर नृत्य किया। वहीं पुलिस एसपी रोहित काशवानी ने भी जवानों के साथ मंच पर आकर डांस किया। एएसपी ने 'रामजी की चाल देखो, आंखों की मजाल देखो' गाने पर भी जमकर डांस किया। पूरा पुलिस परेड ग्राउंड रंगों, संगीत और भाईचारे के माहौल से सराबोर रहा। इस होली मिलन समारोह ने पुलिस परिवार के बीच आपसी सौहार्द, अपनापन और उत्साह का अनूठा संदेश दिया। एडीएम अनिल कुमार डामोर, सीएसपी अतुल सिंह, आरआई भूर सिंह चौहान सहित अधिकारी जवान मौजूद रहे।



### बग्गी में बैठे अफसर

पुलिस जवान ढोल-नगाड़ों और बैंड के साथ एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के निवास पहुंचे। वहां से एएसपी को बग्गी में बैठाकर जुलूस के रूप में एसपी बंगले तक लाया गया। इसके बाद एसपी रोहित काशवानी को भी बग्गी में बैठाया गया। पुलिस जवान ढोल की थाप पर नाचते-गाते दोनों अधिकारियों को बग्गी में बैठाकर पुलिस परेड ग्राउंड तक लेकर आए।

# हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा: ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

- शव की हालत देख परिजनों का रो रोकर बुरा हाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

त्यौदा थाना के कस्बा बागरोद में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे 146 पर एक साइकिल सवार को ट्रक ने रोंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि एक आईसर ट्रक विदिशा से सागर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बागरोद चौराहे के पास ट्रक ने साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि



साइकिल सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया गया है कि मृतक बूढ़ी बागरोद गांव का निवासी था और किसी काम से साइकिल से चौराहे की ओर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में यह हादसा हो गया।

घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 29 को होगा व्यापार महासंघ का चुनाव 15 से 18 मार्च तक नामांकन फार्म मिलेंगे

## नामांकन जमा करने के लिए 19 मार्च का दिन तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

चार साल बाद व्यापार महासंघ के चुनाव कराए जा रहे हैं। इसके लिए 29 मार्च की तारीख घोषित की गई है। चुनाव के लिए चार निर्वाचन अधिकारी बना दिए गए हैं। 15 से 18 मार्च तक चुनाव के लिए नामांकन फार्म मिलेंगे।

नामांकन जमा कराने के लिए 19 मार्च का दिन तय किया गया है। इसके बाद जमा कराए गए नामांकन फार्मों की जांच 20 मार्च को की जाएगी। 21 मार्च को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों को 7 दिन का समय मिलेगा। इसके बाद 29 मार्च को 7 पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए 10 हजार और अन्य पदों के लिए 5 हजार रुपए शुल्क रखा गया है। 36 संगठनों ने अपने प्रतिनिधियों की सूची के साथ सदस्यता शुल्क जमा करा दिया है। इस तरह दो मतदाता बढ़े हैं। इनकी संख्या अब 177 की जगह 179 हो गई है। व्यापार महासंघ में शहर के 36 व्यापारिक संगठन आते हैं। साथ ही मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया जा चुका है।

### अनाज तिलहन संघ का होली मिलन आज

अनाज तिलहन व्यापार कल्याण उत्थान संघ का होली मिलन समारोह आज शनिवार को विनायक वेंक्वेट हॉल में सुबह 10 बजे से होगा। इस दौरान सुंदर कांड पाठ एवं भजन कार्यक्रम होगा। संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, उपाध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री महेंद्र जैन, ओमप्रकाश साहू, सुरेश अग्रवाल, प्रदीप साहू, यश जैन ने व्यापारियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### जोहद गांव की प्राची का यूपीएससी में चयन



**नटेरन।** ग्राम जोहद निवासी किसान चंद्रभान सिंह चौहान की बेटी प्राची चौहान ने गांव में रहकर ही भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में सफल होते प्रथम इंटरव्यू में ही अपना स्थान बनाया है। प्राची चौहान ने प्राइमरी से लेकर हाईस्कूल की परीक्षा जोहद गांव के स्कूल से ही पूरी की। इसके बाद स्नातक की डिग्री गंजबासौदा के सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय से पूरी करने के बाद वर्ष 2021 से यूपीएससी की तैयार शुरू की। प्राची के पिता चंद्रभान सिंह चौहान गांव में रहकर कृषि कार्य करते हैं। प्राची 2 बार मीन्स में भी इंटरव्यू तक पहुंची थीं। उनकी इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। प्राची की इस सफलता पर उनके मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हे बधाई दी है। प्राची ने 260 वीं रेंक प्राप्त की है।

# सब्जी देने के बहाने नाबालिग को बुलाकर दुष्कर्म का प्रयास

## मासूम ने शोर किया, भाई ने पहुंचकर बचाया

- छत से गिरा आरोपी, मेडिकल कॉलेज में भर्ती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 12 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि 45 वर्षीय सुरेश ने इस घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी छत से गिरकर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी ने नाबालिग को सब्जी देने के बहाने अपने घर बुलाया था। घर के अंदर उसने नाबालिग से दुष्कर्म करने की कोशिश की। उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। नाबालिग की आवाज सुनकर उसका बड़ा भाई मौके पर पहुंच गया। उसने अपनी बहन को आरोपी के चंगुल से बचाया। घटना के समय नाबालिग की मां परिवार में किसी सदस्य के निधन पर गई हुई थी, जबकि पिता घर पर सो रहे थे। मां के घर लौटने पर उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद परिजन आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचे। इसी बीच, आरोपी सुरेश अपने घर की छत से गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

आशंका जताई जा रही है कि वह घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की। इससे नाराज होकर पीड़िता के परिजनों और स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। बाद में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### 9 मार्च को रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला

**विदिशा।** शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार 9 मार्च को शमशाबाद के महानीम चौराहा स्थित बम्होरी ग्राम पंचायत भवन में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में जिले एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। इसमें 10वीं से स्नातक, स्नातकोत्तर व तकनीकी शिक्षा प्राप्त 18 से 35 वर्ष आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने रिज्यूम साथ लाने की सलाह दी गई है। आयोजन जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा किया जा रहा है।

## प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने ली जल गंगा मिशन की समीक्षा बैठक

# प्राचीन कुएं-बावड़ियों के संरक्षण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जल गंगा मिशन के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की शुक्रवार को शमशाबाद स्थित सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने अन्य जिलों के उदाहरण देते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले की प्राचीन कुएं और बावड़ियां अपने मूल स्वरूप को न खोएं तथा उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कहा



कि जिले के तालाबों में वर्ष भर पानी बना रहे, इसके लिए ठोस और प्रभावी पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल संरचनाओं के संरक्षण और जल स्तर को बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बैठक में आश्वस्त किया कि जिले में जल संरचनाओं के निर्माण और विकास कार्यों के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि आने वाली पीढियों को जल संरचनाएं विरासत के रूप में प्राप्त हों। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा और कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में एसपी रोहित काशवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम अजयप्रताप पटेल, एसडीओपी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6700
मटर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3935
गेंहू
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3102
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6740
धान
न्यूनतम भाव -1805
उच्चतम भाव- 3810
तिल्ली
न्यूनतम भाव-5560
उच्चतम भाव-5560
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5681
मक्का
न्यूनतम भाव-1403
उच्चतम भाव-1599
चना
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-5100
तुअर
न्यूनतम भाव-7630
उच्चतम भाव-7630
बटरी
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-4310
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-4700
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3050

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 9754 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## नगर में आज भी जीवित है सैकड़ों वर्ष पुरानी अनरय की परंपरा

# हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया होली और भाई दूज का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





इलाके में रंगों का त्यौहार होली और भाई दूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर अपने पुराने गिले सिकवे भूलकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं भाई दूज के अवसर पर बहिनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की। नगर में प्रथम होलिका दहन शीतला माता मंदिर परिसर में रात्रि में हुआ। बुधवार को सुबह नगर में जमकर रंग गुलाल उड़ाते बच्चों में होली को लेकर ज्यादा उत्साह देखा गया। सुबह से ही बच्चे रंग गुलाल लेकर एक दूसरे को लगाते नजर आए। होली के अवसर पर देर रात तक रंग गुलाल उड़ता रहा। कई जगह लोगों ने गोटों का आयोजन भी किया। होली के त्यौहार के अवसर पर पुलिस प्रशासन भी चौकस रहा। लगातार शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच होती रही। इसके अलावा गली मोहल्ले में और हुरियारों को भी लगातार समझाइश दी जाती रही, जिससे होली का त्यौहार शांतिपूर्ण माना। उधर सदर बाजार में ढाई सौ वर्ष पुरानी अनरय की पंचायत का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने ढाई सौ वर्ष पूर्व अनरय की पंचायत की परंपरा की शुरुआत की थी उसे आज नई पीढ़ी के युवा निभा रहे हैं। इस परंपरा का आयोजन हर वर्ष होली की धुलेंडी के अवसर पर किया जाता है। सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिशाल के साथ इस पंचायत में मुस्लिम समाज के लोग भी शिरकत करते हैं। पंचायत में सर्वसम्मति से एक बार फिर निर्दोष महाराज को सरपंच चुना गया। जिन परिवारों में गमी हुई थी उन्हें रंग लगाने का अधिकार दिया गया और यह टोली उन परिवारों के यहां रंग गुलाल लगाकर अनरय दूर करने के लिए निकली। घर घर पहुंच कर अनरय दूर करने के पश्चात पंचायत का लेखा-जोखा बताने के बाद अगले वर्ष तक के लिए इसका समापन कर दिया गया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौरक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि इस प्राचीन पंचायत की परंपरा को सभी लोग मिलकर निभा रहे हैं। वहीं समीपस्थ ग्राम फूफैर में पचमढ़ी के पास स्थित सिद्ध स्थान लटूरिया महाराज के स्थान पर ग्रामीणों द्वारा रंग, गुलाल लगाकर भगवा ध्वज चढ़ाकर, गुड़ की प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान कई गांवों एवं धार्मिक स्थलों पर ग्रामीणों ने फाग और होली के स्वांग गाए गए तथा एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। वहीं होली के चलते बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सैकड़ों की संख्या में नागरिक पहुंचे, जिन्होंने रिपटा घाट पर स्नान आदि किए।



## अस्सी हजार की ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना पुलिस ने 80 हजार रुपये कीमती 7.05 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। शहर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अंबेडकर मांगलिक भवन के सामने बस स्टैंड रोड पर एक व्यक्ति हल्के पीले रंग की शर्ट व काले रंग का पेंट पहने हुए अपने पास ब्राउन शुगर रखकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान अनुज दुबे उम्र 21 वर्ष निवासी धर्मकाटा के पास बरेठ रोड को पकड़कर तलाशी ली गई। जिसमें उसके पास से 7.05 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती लगभग 80,000 रुपये बरामद कर जब्त की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा ब्राउन शुगर लाने के संबंध में अपने कुछ साथियों के नाम बताए गए हैं, जिनके विरुद्ध पृथक से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, सुरेश रघुवंशी, सरमन साहू, अभिषेक शुक्ला, अरुण छारी, पवन यादव, मोहन मालवीय की सराहनीय भूमिका रही।

### नाले की साफ, सफाई कराई



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड नंबर 21 सिरोंज चौराहा स्थित पुलिया बरसों से कचरा फंसने के कारण जाम पड़ी थी। जिसके कारण जलनिकासी अवरूद्ध हो रही थी। शुक्रवार को नगर पालिका सफाई अमले ने युद्ध स्तर पर काम करते हुए उसका वर्षों से ठसा हुआ कचरा निकाल कर साफ करने का कार्य किया। इस मौके पर धीरज मैना, सफाई दरोगा मैट, मुन्ना महाराज का सराहनीय सहयोग रहा। नाले की सफाई के दौरान नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बड़ी दोज धूम धाम से मनाई



**गंजबासौदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बडी दोज श्री काल सेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। सुबह 9 बजे विशेष पूजन कर, दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

### विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

**गंजबासौदा।** फरियादी बलराम अहिरवार ने शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुराने बस स्टेण्ड पर दो लोगों के बीच विवाद चल रहा था। उन्होंने बीच बचाव किया तो आरोपी अंशुल रघुवंशी निवासी ककरावदा ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## अनियंत्रित होकर बोलेरो बिजली के खंभे से टकराई



**गंजबासौदा।** गत दिवस जालौरी गार्डन के पास एक बोलेरो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि के समय एक बोलेरो कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई जिससे बिजली का खंबा आड़ा हो गया एवं बीच में से टूट गया। वहीं कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। विद्युत खंभा टूट जाने के कारण पूर्वी रेल्वे कालोनी क्षेत्र में रात भर से कुछ हिस्से में बिजली भी गुल रही।

### आयशर ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा



**त्योंदा।** शुक्रवार को हाईवे 146 पर बागरोद के पास आयशर ट्रक ने एक साइकिल सवार को रौंद दिया। जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरेलाल बंसल जो साइकिल से अपने खेत से घर जा रहे थे। तभी सागर की ओर से आ रहे आयशर ट्रक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस दौरान ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार के शरीर के टुकड़े जगह-जगह पर बिखर गए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयशर ट्रक एमकेसी कंपनी का है जो उक्त मार्ग पर निर्माण कार्य में लगा हुआ है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए जिन्होंने आक्रोषित होकर चक्का जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर त्योंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए त्योंदा अस्पताल भेजा और मामले में कार्रवाई शुरू की।

## बहनों को भी मर्यादा में रहना चाहिए: दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में भाई दूज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी अनु दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाई दूज का पर्व प्यार, स्नेह, पवित्रता का प्रतीक है। दीदी ने कहा कि हमें अपने आपको, अपने परिवार को कलयुग के प्रभाव से बचाना है। इस समय मन पर बुराइयों का, विकारों का प्रभाव चरम सीमा पर है, इसलिए घर परिवार में धर्म-कर्म, आध्यात्मिक क्रियाकलाप होते रहे, हम और हमारा परिवार अपने मूल संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़े रहे ताकि पाप कर्म कम हों और जीवन में दुआओं की पूंजी को बढ़ाएं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ और तनाव के बीच हम सभी जीवन की कई समस्याओं से जूझते रहते हैं। मन की उलझनें बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसे समय पर मन की शक्ति को बढ़ाना अति आवश्यक है। समस्याओं का आना पार्ट आफ लाइफ है, उससे सहज निकलना आर्ट ऑफ लाइफ है। ब्रह्माकुमारी नन्दनी दीदी ने भाई दूज का अर्थ बताते हुए कहा कि यम और यमुना की कथा प्रचलित है। यमुना के बुलावे पर बहन से मिलने यम आते हैं और प्यार से भोजन स्वीकार करते हैं। बहन को वरदान देते हैं तुम्हारी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए स्नेह से सत्कार करे उसे में सजाओ से मुक्त कर दूंगा यह वरदान यमराज देकर चले जाते हैं। जब हम परमात्मा को बुलाते हैं कलयुग के अंत में जब पाप की अति हो जाती है तब वे साधारण मानवीय तन का आधार लिए अवतरित हो जाते हैं। आधाकल्प की पुकार का फल परमात्म अवतरण के रूप में पाकर हम आत्माएं धन्य हो जाती हैं। हम धरती पर अवतरित बन्धु रुप परमात्मा को दिल में समा कर स्नेह से भोग लगाती हैं। भगवान हमारे इस स्नेह को देख हमें वरदानों से भरपूर कर देते हैं और कहते हैं जो आत्मा धरती पर अवतरित परमात्मा को पहचान कर सकारात्मक आतिथ्य करेंगी, उन्हें सजा से मुक्त कर दूंगा। इस प्रकार यह त्यौहार परमात्मा के साथ बंधु का नाता जोड़ने और निभाने का यादगार है। आगे दीदी ने कहा कि हमारे भाई इस त्योहार को ध्यान में रखते हुए सभी बहनों को अपनी बहन समझकर उनका सम्मान करें तो आज दुनिया में बलात्कार जैसे केस सामने नहीं आएंगे। भाई अपनी बहनों की तरह सभी बहनों को पवित्र दृष्टि से देखें, बहने भी मर्यादा में रहें तो हमारा परिवार और देश देवतुल्य बन जाएगा और हमारे जीवन में सुख शांति की सुनामी होगी।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर पौधरोपण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने पौधारोपण किया। वहीं क्लब पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजली मनोज यादव द्वारा पौधारोपण कर केन्द्रीय कृषि मंत्री के दीर्घायु होने की कामना की गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगरपालिका निकालेगी रंग पंचमी पर चल समारोह

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में भव्य परंपरागत रंगपंचमी चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस अवसर पर समस्त नगरवासी रामजानकी मंदिर गांधी चौक पर एकत्रित होंगे। यहाँ मंदिर पूजन-अर्चन एवं स्वल्पाहार के उपरांत, उल्लास के साथ होली खेलते हुए चल समारोह प्रारंभ किया जाएगा। रविवार सुबह 9:30 बजे से रामजानकी मंदिर गांधी चौक से रेलवे स्टेशन मंदिर तक भव्य चल समारोह निकाला जाऐगा। इस चल समारोह के दौरान नगर पालिका कर्मचारी टैंकर के माध्यम से रंगों की बौछार करते हुए और ट्राली में अबीर गुलाल रखकर उसकी बौछार करते हुए निकलेंगे और नागरिकों को रंगों के पर्व की शुभकामनाएं देंगे। रंगों का जुलूस नगर की पुरानी परंपरा है और इसमें नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारी , नपा अधिकारी कर्मचारी शामिल रहते हैं।

## वेदांत के हुरियारों से गूंज उठी ब्रज की कुंज गलियां

# परिक्रमा के साथ पांच दिवसीय होली महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्रजभूमि वृंदावन की परिक्रमा उस समय एक चलती-फिरती होरी बन गई, जब नगर के वेदांत आश्रम एवं संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय के संस्थापक और जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज राधा-कृष्ण का हाथ पकड़कर भक्तों के साथ राधे-श्याम के जयघोष, उड़ते अबीर-गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच 12 किलोमीटर की परिक्रमा में निकले। वेदान्ती महाराज के सानिध्य में भक्ति वेदांत मंदिर के पांच दिवसीय होली महोत्सव का आनंद और उल्लास के बीच समापन हुआ। मार्ग भर ब्रज के हुरियारों ने अबीर-गुलाल और पुष्प वर्षा से स्वागत किया, जबकि ब्रज गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। सुनरख रोड स्थित श्रीजी पुरम के भक्ति वेदांत मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय होली महोत्सव के समापन पर अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृंदावन परिक्रमा के लिए एकत्रित हुए। ढोल-मंजीरे और करताल की धुन पर "राधे-राधे" के जयघोष के साथ श्रद्धालु संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे। परिक्रमा मार्ग में अनेक स्थानों पर ब्रज के हुरियारों ने रंग-गुलाल उड़ाकर और पुष्प वर्षा कर परिक्रमा वासियों का स्वागत किया। ब्रज की कुंज गलियों में अबीर-गुलाल उड़ता नजर आया और भक्तजन होरी के पद गाते हुए भक्ति के रंग में रंगे रहे। पूरी परिक्रमा के दौरान डीजे पर बज रहे ब्रज और होली के गीतों ने उत्साह को और बढ़ा दिया। श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए गीतों की धुन पर झूमते रहे, जिससे पूरा वातावरण ब्रजरंग और आनंद से भर उठा। परिक्रमा के दौरान काशी से आई मां विंध्यवासिनी नृत्य नाटिका झांकी एवं इवेंट्स ग्रुप के कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण की विविध लीलाओं की झलक प्रस्तुत करते हुए भजनों की मधुर धुन पर नृत्य किया। पूरी परिक्रमा में अलग-अलग स्थानों पर राधा-कृष्ण की सुंदर छवियों और भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से ब्रज की होरी और रास की झलक दिखाई गई। कलाकारों की प्रस्तुति देखकर श्रद्धालु झूम उठे और "राधे-राधे" के जयघोष के बीच वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। नृत्य, भजन और अबीर-गुलाल के संगम ने पूरी परिक्रमा को मानो जीवंत कर दिया।

वृंदावन परिक्रमा के साथ ही भक्ति वेदांत मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय होली महोत्सव भक्तिरस और ब्रजरंग के उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन ने ब्रज की सनातन परंपरा और आध्यात्मिक संस्कृति की मधुर छटा को जीवंत कर दिया। पांच दिवसीय आयोजन में फरीदाबाद के आचार्य कमलेश मिश्र, साध्वी राज लक्ष्मी भदोही बनारस, विश्व हितकारिणी परिषद अंतर्राष्ट्रीय सचिव पंडित राम भरत शास्त्री काशी, पंडित सुरेंद्र शास्त्री प्रयागराज, महंत विश्वंवरदास, महंत सर्वेश्वर दास काशी, पंडित दीपक शास्त्री ललितपुर, पंडित पुष्पेंद्र तिवारी सागर, अनिल गुप्ता दिल्ली, मनोहर सिंह राजपूत अर्चना सिंह राजपूत नर्मदापुरम, शिव कुमार कांसल एवं बबीता कांसल दिल्ली, गंजबासौदा, विदिशा भोपाल, ग्वालियर, उत्तराखंड, हरिद्वार, फरीदाबाद, बनारस, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश के अलावा भक्ति वेदांत आश्रम से जुड़े अमेरिका, फिजी, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर सहित 35 देशों के भक्त मौजूद रहे।

## उच्च स्तरीय दल ने किया कृषि महाविद्यालय का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से संम्बद्धता अवधि बढाने हेतु भारत सरकार की एक उच्चस्तरीय समिति द्वारा कृषि महाविद्यालय का भ्रमण किया गया। इस उच्चस्तरीय समिति में छः सदस्य थे जिसकी अध्यक्षता पूर्व कुलगुरू चित्रकूट ग्रामोद्यय विश्वविद्यालय डॉ. एनसी गौतम कर रहे थे। इसके अन्य सदस्यों में पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना नई दिल्ली डॉ. आर रामासुन्दरम, पूर्व निर्देशक भारतीय फसल प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम डॉ एएस पवार, अधिष्ठाता सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ डॉ. विकास, अधिष्ठाता श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जौबनेर, डॉ. जीके गोथवार एवं प्रधान वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली डॉ रामेश्वर लाल मीणा थे। कार्यक्रम के पूर्व में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ पीके मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. डी खरे एवं कुलसचिव डॉ. एके जैन द्वारा कार्यक्रम के पूर्व महाविद्यालय में की जा रही तैयारी के संबंध में निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समिति द्वारा महाविद्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया गया एवं उनमे संचालित गतिविधियों के संबंध मे प्राध्यापकों एवं संबंधित कर्मचारियों से चर्चा की गई। समिति ने महाविद्यालय के प्रशासकीय भवन, नवीन भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रावास , विद्यार्थियों के क्लास रूम, महाविद्यालय प्रक्षेत्र का सघन निरीक्षण किया एवं इसमे संचालित गतिविधियों से पूर्ण संतोष प्रकट किया। समिति ने महाविद्यालय मे चल रहे अनुसंधान परियोजनाओ एवं प्रकाशित शोध पत्रकों के संबंध में वैज्ञानिको से चर्चा की। अधिष्ठाता डॉ. विनोद कुमार गर्ग द्वारा पांच वर्ष के कार्यो का पावर पाइंट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। समिति द्वारा प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थीयों, कृषको, पूर्व छात्रों से भी संम्पर्क किया ।

## खबर संक्षेप

### किसान कटाई के बाद तुरंत खेतों में ही थ्रेसिंग कर रहे

**खुरई** । खेतों में कटाई और थ्रेसिंग का काम तेजी से चल रहा है। बादल वाला मौसम होने से किसान फसल की तुरंत थ्रेसिंग कर रहे हैं। अभी मसूर, बटरी और पहली बुआई के चने की थ्रेसिंग हो रही है। मसूर की थ्रेसिंग ज्यादा है। किसानों ने बताया कि मसूर का 5 से 6 क्विंटल प्रति एकड़ का औसत आ रहा है। दाना ठीक है, अभी नमी है। सूखने पर प्रति क्विंटल 5 से 10 किलो मसूर घट जाएगी। मंडी में दाम समर्थन मूल्य के आसपास हैं। 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य है। इससे ज्यादा दाम मिलने पर किसान मंडी में ही मसूर बेचने लाएंगे। अभी हर खेत में कटी फसल, थ्रेसिंग और भूसा नजर आ रहा है। किसान भूसा भी तुरंत बेच रहे हैं।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**सागर**। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु शासन द्वारा किसान पंजीयन की अवधि दिनांक 07 मार्च तक निर्धारित की गई है। जिले में किसान पंजीयन के लिए सेवा सहकारी समितियों के 104 पंजीयन केंद्र तथा एमपी ऑनलाइन/कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क और साइबर कैफे के 413 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। पंजीयन केंद्रों के माध्यम से आज दिनांक तक 40,718 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। गेहूं विक्रय करने के लिए किसान पंजीयन स्वयं के मोबाइल, कंप्यूटर, ग्राम पंचायतों के सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों पर निःशुल्क किया जा रहा है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा साइबर कैफे पर निजी व्यक्तियों द्वारा 50 रुपए शुल्क जमा कराकर दिनांक 07 मार्च 2026 तक पंजीयन करवाया जा सकता है। सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों के केंद्रों पर किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहेंगे शामिल**

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज, 11 मार्च को होगा ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी व रोजगार मेले का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। 11 मार्च को ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी विशेष रूप से शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय एवं रोजगार मेले के उद्घाटन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, कलेक्टर संदीप



जी.आर., एसडीएम अमन मिश्रा, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी सागर जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा वरदान साबित होगी। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सागर में ही उपलब्ध हो सकेगी। साथ प्रतिवर्ष रोजगार मेले एवं प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं का रोजगार के अवसर पर उपलब्ध होंगें। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रोजगार मेले का भी शुभारंभ करेंगें।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में इस शिक्षा के मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथि दोपहर लगभग 12: 30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे, जिसे देखते हुए बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और आवागमन की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

इस अवसर पर शासकीय अधिकारियों के साथ ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आदित्य सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।



## बस चलाते नज़र आए पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव स्टेयरिंग थामकर खुद की बस की सवारी

**गढ़ाकोटा**। तस्वीरों में नज़र आने वाले यह मध्यप्रदेश के सबसे सीनियर विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव हैं। जिनका फिर एक बार अलग ही अंदाज़ देखने को मिला। वह खुद ही बस को चलाते हुए नज़र आये। खुद बस का स्टेयरिंग थामा और सड़क पर निकल पड़े। विधायक गोपाल भार्गव का अब यह जुदा अंदाज़ चर्चाओं में आ गया है। दरअसल मौका था सागर के गढ़ाकोटा में नई बस के शुभारम्भ का, जो अब मरीजों के काम आएगी। जिन्हे इलाज के लिए भोपाल भेजा जाता है। एम्बुलेंस में पर्याप्त जगह होने से मरीजों और उनके परिवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिस वजह से अब बस से उन्हें भोपाल भेजा जाएगा। आपको बता दें की रहली विधानसभा क्षेत्र के इलाज कारा रहे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर रविवार को उन्हें एम्बुलेंस के जरिये भोपाल भेजा जाता है। मरीजों की संख्या के हिसाब से करीब छह गाड़ियां भेजना पड़ती हैं। जिससे कई बार मरीजों और उनके परिजनों की संख्या ज्यादा हो जाने के कारण गाड़ियां कम पड़ जाती थी और सभी को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक 32 सीटर एयर कंडीशंड स्काई (मिनी बस) खरीदी गई है। जिसकी पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव और उनके पुत्र अभिषेक भार्गव द्वारा निज निवास गणनायक से बस स्टैंड तक सवारी की और चलाया भी। अब क्षेत्र के मरीजों और उनके परिजनों को भोपाल तक सुरक्षित, सुगम और पूरी सुविधा के साथ एम्बुलेंस और बस दोनों माध्यमों से भेजा जाएगा। ताकि उन्हें इलाज के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।



## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की पुण्य तिथि पर सेवादल परिवार ने किया नमन

**सागर**। जिला शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा तीनबत्ती पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान सेवादल परिवार जनों ने पूर्व सीएम को याद कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शहर सेवादल अध्यक्ष ने कहा कि अर्जुन सिंह एक उच्च प्रशासक, कुशल रणनीतिकार और सफल कूटनीतिज्ञ थे। जिन्होंने अपनी बौद्धिक कुशलता से पंजाब के आतंकवाद को समाप्त करने में अहम भूमिका अदा की और राजीव-लोंगोवाल समझौता कराया। कार्यक्रम में मकबूल अली, लल्ला यादव, भरत साहनी, संजय सहारा, अंबर मिश्रा, परख शुक्ला, अंकुर यादव, रवि जैन, तरूण सैनी, राहुल जैन, अमित पटेल, लकी पंडा, दीपक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# शव सड़क पर रखकर चक्काजाम: खेत में मवेशी घुसने पर कुल्हाड़ी से गर्दन काटी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को विवाद के बाद किसान की हत्या कर दी गई। विवाद खैजरा इज्जत गांव में खेत में मवेशी घुसने को लेकर हुआ था। पांच लोगों ने किसान की कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार को नेशनल हाईवे बीना-सागर रोड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब तीन घंटे बाद आरोपियों पर कार्रवाई के आश्वासन मामला शांत हुआ।मृतक की पहचान भगवान दास यादव के रूप में हुई है। उनकी बहू देवी यादव ने बताया कि बुधवार को उनके ससुर का जयराम यादव, केदार यादव, करतार यादव, नीरज यादव और केदारनाथ से खेत में मवेशी



घुसने को लेकर विवाद हुआ था।

### गर्दन पर कुल्हाड़ी लगने से मौत हो गई

विवाद के बाद भगवान दास मवेशी चराने निकल गए। आरोप है कि पांचों आरोपी हत्या की नीयत से उनके पीछे गए और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गर्दन पर कुल्हाड़ी लगने से भगवान दास की मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों और ग्रामीणों की मुख्य मांगों में पांचों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी. उन्हें फांसी की सजा दिलाना. उनके मकानों को गिराना और रेलवे में कार्यरत आरोपी करतार यादव को नौकरी से बर्खास्त करना शामिल है।

## मामले की निष्पक्ष जांच और जांच अधिकारी बदलने पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन

**सागर**। मकरोनिया निवासी मनी सिंग गुरोन लंबे समय से एक मामले में निष्पक्ष जांच और जांच अधिकारी बदलने को लेकर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से गुहार लगे चुके है । हाल ही में उन्होंने सागर पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन के माध्यम से मकरोनिया थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर राजेश शर्मा को उनके मामले से हटाकर किसी अन्य पुलिस अधिकारी को जांच सौंपने की गुहार लगाई है। दअरसल एक मामले में मनी सिंग द्वारा सोहेल खान नाम के व्यक्ति के खिलाफ मकरोनिया थाना में शिकायती आवेदन दिया गया था,जिसकी जांच राजेश शर्मा कर रहे है । काफी वक्त बीतने के बाद भी मामले में कोई न्यायपूर्ण या संतोष जनक स्थिति सामने नहीं आई है,जो जांच अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। इसके अलावा इस लापरवाह रवैए की शिकायत पुलिस महानिरीक्षक से लेकर मानवाधिकार आयोग तक पत्राचार के माध्यम से की जा चुकी है, जांच अधिकारी के मन में आवेदक के प्रति नकारात्मक धारणा और पक्षपात पूर्ण रवैए से आहत होकर मनी सिंग ने सागर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का रुख करते हुए,पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है,अब देखना होगा,की इस मामले में पुलिस महकमे के जिले के मुखिया क्या कदम उठाते है।



## विद्यार्थियों का स्कूल का सफर खतरे में, फिर भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# नियमों की अनदेखी: एलपीजी गैस से चल रहे स्कूली वाहन, निर्देश पर भी नहीं रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिले भर में स्कूल वाहनों के संचालन को लेकर बनाए सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा पिछले माह ही स्कूल वाहनों के संचालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें एलपीजी गैस से संचालित वाहनों को संभावित रूप से विस्फोटक मानते हुए ऐसे वाहनों पर रोक लगाने की बात कही गई थी। इसके बावजूद कई स्कूलों के वाहन अभी भी एलपीजी सिलेंडर के सहारे बच्चों को लाने-ले जाने का काम कर रहे हैं।

स्कूल वाहनों के रूप में एलपीजी गैस से प्रयोग विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक और अत्यंत विस्फोटक और जानलेवा साबित हो सकता हैं। दरअसल स्कूल संचालक भी यह ध्यान रखें की कोई भी बच्चा एलपीजी गैस संचालित वाहनों में सवार होकर स्कूल ना आए।

यह गंभीर मामला सामने आने के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। लेकिन जमीनी स्तर पर अभी तक कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहा है। जिससे ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है।

फिलहाल रायसेन में स्कूल वाहनों में एलपीजी गैस के उपयोग का मामला सामने आने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई तो यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### प्रतिबंध के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे एलपीजी वाहन

जिला शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल बसों और वैन के संचालन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। इन निर्देशों में स्पष्ट कहा था कि स्कूल वाहनों में एलपीजी सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाएगा। क्योंकि सड़क दुर्घटना की स्थिति में यह गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इसके बावजूद शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई निजी स्कूलों की वैन में एलपीजी सिलेंडर लगे होने की जानकारी सामने आई है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा जांच पड़ताल के दौरान जांच के दौरान कई वाहनों में सिलेंडर खुले तौर पर सीटों के नीचे या डिक्की में रखे हुए मिले, जो किसी भी समय हादसे की वजह बन सकते हैं।

### जिला व प्रशासन ने कही कार्रवाई की बात...

इस मामले में एसडीएम मनीष शर्मा का कहना है कि स्कूल वाहनों के संचालन को लेकर नियम स्पष्ट हैं। यदि किसी वाहन में एलपीजी गैस का उपयोग किया जा रहा है तो यह गलत है और तय नियमों का उल्लंघन है।उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।




### स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी....

स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों के परिवहन के लिए पूरी तरह सुरक्षित और नियमों के अनुरूप वाहन ही उपयोग में लाए। यदि इसमें लापरवाही सामने आती है तो स्कूल प्रबंधन भी जिम्मेदार माना जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे जिस वाहन से अपने बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं उसकी सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लें। उन्हें यह भी देखना चाहिए कि वाहन चालक प्रशिक्षित है या नहीं, वाहन में सुरक्षा उपकरण मौजूद हैं या नहीं और वाहन का संचालन नियमों के अनुसार हो रहा है या नहीं।

### अभिभावकों को नहीं है कोई जानकारी...

जब इस मामले को लेकर कुछ अभिभावकों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस तरह के किसी नियम या खतरे की जानकारी नहीं है। कई अभिभावकों ने कहा कि वे यह मानकर अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं कि स्कूल प्रबंधन सभी सुरक्षा मानकों का पालन कर रहा होगा।

एक अभिभावक ने कहा कि यदि वैन में एलपीजी सिलेंडर लगा है तो यह बेहद गंभीर मामला है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और जिला प्रशासन को इस पर तुरंत सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।

### स्कूल वाहनों के लिए तय सुरक्षा नियम

- स्कूल बस या वैन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जाएगा।
- स्कूल वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य।
- वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस और कम से कम पांच साल का अनुभव होना जरूरी है।
- वाहन की नियमित फिटनेस जांच कराना अनिवार्य है।
- बस या वैन में स्कूल का नाम, संपर्क नंबर और वाहन का पंजीयन स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए।
- कोई भी ज्वलनशील या विस्फोटक पदार्थ वाहन में नहीं रखा जाएगा।

### इनका कहना है

स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को फरवरी माह में यह निर्देश जारी किएहैं। साथ ही उन्हें नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी है।
**- डीडी रजक,** डीईओ रायसेन।

### इनका कहना है

विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि यह जरूरी जांच जल्द ही की जाएगी। नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।
**- जगदीश सिंह भील,** आरटीओ, रायसेन।

## समर्थन मूल्य पंजीयन की तिथि बढ़ाने किसानों ने उठाई मांग

### किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से समर्थन मूल्य गेहूं की राशि 2700 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने, पंजीयन की तिथि बढ़ाने और गेहूं पंजीयन में बिना स्टांप ड्यूटी वाला अनुबंध शपथ पत्र मान्य किए जाने, किसानों के लिए स्टांप ड्यूटी की अनिवार्यता समाप्त किए जाने की मांग की गई है। इसी के साथ किसान संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

सर्वर बंद रहने सहित अन्य कारणों से किसानों का समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने पंजीयन नहीं हो पाया 7 मार्च अंतिम तिथि है। पंजीयन तिथि बढ़ाने की मांग की ग्रीन पेपर पर कोलीनामा का अनुबंध पत्र स्वीकार करने, गेहूं पंजीयन में सहकारी बैंक खाते की अनिवार्यता समाप्त करने, खाद्य विक्रय प्रक्रिया सरल करने, सरकारी समिति क्षेत्र के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सहकारी समिति स्तर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराया जावे। ऋण वसूली की तिथि 30 मई करने के साथ जिला सहकारी बैंक को यूपीआई से जोड़ने से किसानों को लेनदेन में आसानी होगी।

ज्ञापन सोंपते समय नारायण सिंह पनारिया, केसर सिंह धाकड़, प्रतिपाल सिंह, गोविंद सिंह, भगवान सिंह ठाकुर, रेवा शंकर शर्मा सहित अन्य किसान संघ के पदाधिकारीयों सदस्यों किसानों की उपस्थिति रही।

## ओवरटेक में ट्रक ने स्कूटी और बाइक में टक्कर

**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा हाईवे पर शुक्रवार को एक ट्रक द्वारा बस को ओवरटेक करने के प्रयास में स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन चालक सड़क पर गिर गए। हालांकि दोनों ही वाहनों के चालकों को मामूली चोटें ही आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक तेज रफ्तार में बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान सामने से आ रहे दोपहिया वाहनों से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कूटी और बाइक सड़क पर गिर गईं और दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

## पिकअप वाहन से बैग चोरी करने वाले आरोपियों का पुलिस ने किया पर्दाफाश

### पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल और नगदी की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



4 मार्च को फरियादी अमित कोरी निवासी हिरणखेड़ा राहतगढ़ ने थाना सांची में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च की रात करीब 11:30 बजे मेहगांव बायपास के पास भोपाल की रिलायंस कंपनी की फ्रोजन पिकअप में रखा उनका काला बैग चोरी हो गया।

बैग में 3 मोबाइल फोन और करीब 4 हजार रुपए नगद थे। चोरी सामान की कुल कीमत लगभग 19 हजार रुपए बताई गई थी। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 35/2026 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी कमलेश खरपुसे तथा एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए मोबाइल फोन और 500 रुपए नगद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में लखन जादौन (23), भावेश उर्फ भोला (20), रोहित राजपूत (18), रोशन बैरागी (20), अरुण अहिरवार (21), रोहित बैरागी सहित एक बाल अपचारी शामिल है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें उप जेल रायसेन भेज दिया गया।

## अंतिम सफर भी बेसहारा : श्मशान घाट के अभाव में खुले आसमान के नीचे शव का अंतिम संस्कार करने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

किसी ने सच ही कहा है कि 'जीना तो संघर्ष है, लेकिन यहां मरना भी दुश्वार है।' गैरतगंज तहसील के कई गांवों की जमीनी हकीकत कुछ ऐसी ही है, जहां इंसान के आखिरी सफर के लिए न तो कोई सुरक्षित स्थान है और न ही प्रशासन की कोई सुध। गांव के श्मशान घाटों की दुर्दशा और प्रशासनिक लापरवाही ने ग्रामीणों को इस कदर मजबूर कर दिया है कि वे अपनों को विदा करने के लिए भी किसी अदृश्य दरिद्र व्यवस्था के मोहताज हैं।

बारिश के मौसम में ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों को भीगने से बचाने और शव को रखने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। बार-बार गुहार और जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बावजूद राजस्व विभाग द्वारा भूमि का सीमांकन या आवंटन न करना, प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है।

जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर श्मशान घाट के लिए स्वीकृत बजट और योजनाएं कहां दम तोड़ देती हैं?

यह स्थिति न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय शासन के प्रति आम जनता के विश्वास को भी चकनाचूर कर रही है। अब देखना यह है कि क्या इस खबर के बाद प्रशासन जागता है या फिर ग्रामीणों को अपनी पीड़ा इसी तरह दबानी पड़ेगी?

### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार तहसील और जनपद कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरे आश्वासन मिलते हैं। क्या प्रशासन एक सम्मानजनक अंतिम विदाई के लिए भी जमीन का टुकड़ा नहीं जुटा सकता ?



### आखिर जिम्मेदारों की नींद कब खुलेगी ?

राजस्व विभाग और जनपद पंचायत गैरतगंज की ढुलमुल कार्यप्रणाली के कारण कई गांवों में आज भी श्मशान घाट का अस्तित्व ही नहीं है। मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल फाइलों में कागजी खानापूर्ति हो रही है, जबकि हकीकत में ग्रामीण बरसात हो या भीषण गर्मी, खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं।

### इनका कहना है

भूमि की उपलब्धता के संबंध में पटवारी और पंचायत से जानकारी ली जाएगी। आपके द्वारा संज्ञान में मामला लाया गया है। नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
**- नरेश सिंह राजपूत,** तहसीलदार।

### शीघ्र निर्माण कराया जाएगा

पूर्व में जो शांतिधाम की जगह है वो अब अतिक्रमण की वजह से आबादी के बीच हो गई है। हमने शांतिधाम के निर्माण के लिए फाइल स्वीकृत करा ली है, लेकिन उक्त जगह पर शांतिधाम के निर्माण से गोरखा ग्राम के लोगों को आपत्ति है। अतः उच्च अधिकारियों से इस विषय में मार्गदर्शन लेकर शीघ्र शांतिधाम का निर्माण कराया जाएगा।
**- श्रीमति पूजा जैन,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गैरतगंज।

## महिला दिवस पर अस्मिता के तहत होंगी खेल प्रतियोगिता

**रायसेन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को मनाया जाएगा। अस्मिता पहल के तहत जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन फीडर सेंटर शासकीय विद्यालय प्ले ग्राउंड मंडीदीप में सुबह 9 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं जैसे 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ सहित अन्य मनोरंजक खेल गतिविधियां आयोजित होंगी।

## निनोद में तीज पर आयोजित हुआ राई नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम निनोद में शुक्रवार तीज के अवसर पर आस्था और परंपरा का अनोखा आयोजन देखने को मिला। गांव में स्थित ठाकुर बाबा के स्थान पर निनोद सरपंच हरिओम मीना द्वारा 6 राई नृत्य दलों को बुलाकर राई नृत्य का आयोजन कराया गया।


कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर राई कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। रातभर चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने ठाकुर बाबा के दरबार में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस आयोजन की एक विशेष परंपरा भी है। यहां प्रसाद को फेंक कर वितरित किया जाता है, जिसे श्रद्धालु अपने हाथों से पकड़कर ग्रहण करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह मान्यता कई वर्षों पुरानी है और लोग इसे आस्था के साथ निभाते चले आ रहे हैं।

## खोना वाले बाबा का मनाया जाएगा छटवां वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के कस्वा खरगौन में खोना वाले बाबा भगवान आदिनाथ की प्राचीन कल्याणकारी, चमत्कारी प्रतिमा है। खोना वाले बाबा कल्याणकारी समिति में बैठक में 11 मार्च को छटवां वार्षिक महोत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।



बैठक में खोना वाले बाबा के छटवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा, कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। सुबह से रात्रि तक होने वाले कार्यक्रमों का निर्णय लिया। 11 मार्च को सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें झांकिया और भजन मंडलियां सम्मिलित होगी। प्रातः 9 बजे से विशेष मस्तकाभिषेक, शांतिधारा, महा आरती, प्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा भजनों का संगीमयी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

इसी के साथ ही प्रसादी भंडारे का भी विशाल कार्यक्रम रखा गया है। बैठक में खोना वाले बाबा कल्याणकारी समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति रही।

### आए दिन रहे हादसे, वाहन चालक बता रहे सुरक्षा सुधार की जरूरत

## गहरी खाई और संकरी सड़क, जमुनिया घाटी बनी जानलेवा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गैरतगंज-सिलवानी स्टेट हाइवे 44 पर स्थित जमुनिया घाटी अब यात्रियों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। लगभग 6 किलोमीटर लंबी इस घाटी में बने खतरनाक 180 डिग्री के मोड़ और तीव्र ढलान वाहन चालकों के लिए चुनौती बन चुके हैं। ढलान पर वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले सालो में घाटी में अनेक हादसे हो चुके हैं, जिनमें जान माल का नुकसान हो चुका है। यात्रियों और क्षेत्रवासियों की चिंता इस बात को लेकर भी है कि घाटी के इस हिस्से में सामने से आने वाले वाहन दिखाई ही नहीं देते, जिससे दुर्घटनाएं और भी गंभीर हो जाती हैं।

यात्री और स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि घाटी के खतरनाक मोड़ों पर चेतावनी संकेत, अतिरिक्त रेलिंग, सड़क चौड़ीकरण और स्पीड कंट्रोल उपाय तत्काल लागू किए जाएं।



उनका कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में घाटी और अधिक खतरनाक बन सकती है। जमुनिया घाटी अब क्षेत्र के सबसे जोखिमपूर्ण मार्गों में शामिल हो चुकी है। यात्रियों और वाहन चालकों में हर समय हादसे का भय बना रहता है और सुरक्षा उपायों के अभाव में यह मार्ग लगातार खतरनाक बना हुआ है।

नगर के नागरिक मुकेश साहू, प्रदीप रघुवंशी, शमीम खान तथा मंशाराम सहित अनेकों ने जिम्मेदार विभाग से मांग की है घाटी के अंधे मोड़ो को सीधा किया जावे ताकि हादसो को रोका जा सके।

### घाटी के खतरनाक ढलान और गहरी खाई

क्षेत्र की जमुनिया घाटी पर एक ओर 200 से 250 फीट गहरी खाई बनी हुई है, तो वहीं उसके दूसरी तरफ पहाड़ी है। सड़क किनारे रेलिंग और कुछ स्थानों पर दीवारें बनाई गई हैं, लेकिन घाटी खत्म होते ही सड़क अचानक सीधी होकर तुरंत मोड़ ले लेती है। इस कारण घाटी पर वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और आए दिन यहां पर हादसे होते रहते हैं।

वाहन चालक रामबाबू रघुवंशी ने बताया ऊपर से आते हुए वाहन ढलान के कारण नियंत्रण खो देते हैं। अचानक सामने कोई वाहन आ जाए तो बचाने में वाहन अनियंत्रित हो जाता है और गाड़ी पलट जाती है। सड़क को चौड़ा करना और मोड़ों को सीधा करना अत्यंत आवश्यक है। वरना हादसे थमने वाले नहीं हैं।

## स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल के निवास पर हुआ होली मिलन कार्यक्रम

### होली और भाई दूज पर तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर एवं क्षेत्र में होली एवं भाईदूज का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। होली पर रंग खेलने बच्चों, युवाओं में भारी उत्साह रहा। वहीं अनरय वाले घरों में पहुंच कर रंग का टीका लगाकर लोगों द्वारा शोक-सम्वेदनाएं व्यक्त की गई।

क्षेत्र के विधायक व राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के निवास पर होली मिलन समारोह, फाग गीतों का आयोजन हुआ। जिसमें गांव-गांव से आए नेताओं, कार्यकर्ताओं और व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। सभी को पटेल परिवार की ओर से राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल, राजेन्द्र पटेल, अभिज्ञान पटेल द्वारा रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर फाग गीतों पर आए लोग मस्ती के साथ नाचते-झूमते रहे।



होली, भाईदूज पर जिन परिवारों में अनरय वाला पहला त्यौहार था। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया की दादी की मृत्यु हो जाने के साथ अन्य परिवारों में हिउस के अध्यक्ष दिनेश बबेले एवं अन्य पदाधिकारियों ने पहुंच कर शोक-सम्वेदनाएं व्यक्त की। नगर एवं क्षेत्र में भाईदूज का त्यौहार भी उत्सापूर्वक मनाया गया। भाईयों-बहनों के घर भाईदूज पर आने-जाने का दिन भर सिलसिला बना रहा।